Regarding Indore-Manmad Railway Project

श्री गजेन्द्र सिंह पटेल (खरगौन) : माननीय सभापति जी, मैं मध्य प्रदेश के खरगौन, बड़वानी आदिवासी लोक सभा क्षेत्र से आता हूं । इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना, जो महाराष्ट्र के धुले, नासिक से होते हुए इंदौर को आती है । इसमें खरगौन, बड़वानी, धार जिलों के ठिकरी, अंजड़, राजपुर और जुलवाना जैसी तहसीलों से होकर करीब 1 हजार गांव और 30 लाख से ज्यादा आबादी लाभान्वित होगी । 309 किलोमीटर की यह रेल परियोजना है, जिसमें 300 से ज्यादा छोटे-बड़े पुलों का निर्माण होगा । यह योजना वर्ष 2028-29 तक पूरी होगी ।

इसके पूर्व मैंने कई बार माननीय रेल मंत्री जी को इस रेल परियोजना के बजट की स्वीकृति और इस कार्य को प्रारम्भ करने के लिए अवगत कराया था । इस परियोजना को केंद्र की विशेष रेल परियोजना में शामिल किया गया । मैं क्षेत्र की जनता की ओर से आदरणीय रेल मंत्री जी का और आदरणीय प्रधान मंत्री जी का तहेदिल से आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने इसके लिए 18 हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा की राशि स्वीकृत की है और विशेष दर्जा इसे दिया है ।

इस क्षेत्र की जनता की एक विशेष मांग है । मेरे खरगौन, बड़वानी में अभी बिल्कुल भी रेल नहीं है । खंडवा से खरगौन, बड़वानी होते हुए एक नई रेल परियोजना के सर्वे का काम चल रहा है । मैं माननीय रेल मंत्री जी और माननीय प्रधान मंत्री जी से उस सर्वे की स्वीकृति की मांग करता हूं । बहुत-बहुत धन्यवाद ।